# मेरठ साउथ और शताब्दी नगर के बीच ट्रायल रन शुरू

## छह किलोमीटर के अतिरिक्त खंड में परतापुर और रिठानी के दो मेट्रो स्टेशन भी होंगे

● शताब्दी नगर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क के दोनों ओर दो प्रवेश-निकास द्वार निर्मित किए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने मेरठ साउथ और मेरठ के शताब्दी नगर के बीच के अतिरिक्त 6 किलोमीटर के सेक्शन पर ट्रायल रन आरंभ कर दिया। इसके साथ ही, नमो भारत ट्रेनें परिचालित कॉरिडोर को मेरठ शहर के केंद्र के और नजदीक ले आएंगी।

ट्रायल के दौरान, सिविल संरचना की अनुकूलता की जांच करने के लिए नमो भारत ट्रेनों को आरंभ में मैन्युअल रूप से संचालित किया जाएगा। परीक्षण की इस प्रक्रिया में, एनसीआरटीसी ट्रेन के एकीकृत प्रदर्शन और सिग्नलिंग, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी), ओवरहेड सप्लाई सिस्टम आदि जैसे विभिन्न उप-प्रणालियों के साथ इसके समन्वय को सत्यापित करने के लिए मूल्यांकन करेगा।



जैसे-जैसे परीक्षण आगे बढ़ेंगे, हाई-स्पीड टेस्ट सहित व्यापक ट्रायल रन किए जाएंगे। 6 किलोमीटर के इस अतिरिक्त खंड में शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन के अलावा परतापुर और रिठानी के दो मेट्रो स्टेशन भी होंगे। इस खंड के परिचालित होने के बाद नमो भारत ट्रेनें यात्रियों को न्यू अशोक नगर और शताब्दी नगर के बीच तेज़ और कुशल यात्रा विकल्प प्रदान करेंगी, जिससे 61 किलोमीटर की यात्रा में लगने वाला समय 45 मिनट से भी कम हो जाएगा। शताब्दी नगर, मेरठ में दूसरा नमो भारत स्टेशन होगा जो नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों की सेवाएँ प्रदान करेगा जो इसे एक प्रमुख ट्रांसिट हब के रूप में विकसित करेगा। यह स्टेशन दिल्ली और मोदीपुरम, दोनों ओर निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर क्षेत्र में यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाएगा। शताब्दी नगर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क के दोनों ओर दो प्रवेश-निकास द्वार निर्मित किए गए हैं।

इस बीच, मेरठ साउथ से मेरठ सेंट्रल तक के खंड में मेरठ मेट्रो का ट्रायल रन भी किया जा रहा है। भारत में पहली बार नमो भारत ट्रेनों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर ही, मेरठ में स्थानीय मेट्रो का परिचालन किया जाएगा। मेरठ मेट्रो कॉरिडोर की कुल लंबाई 23 किलोमीटर है, जिसमें 18 किमी एलिवेटेड और 5 किमी हिस्सा अंडरग्राउंड है। इसके लिए 3 भूमिगत स्टेशन समेत कुल 13 स्टेशन बनाए जा रहे हैं।

इनमें से मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम स्टेशनों पर नमो भारत व मेरठ मेट्रो, दोनों सेवाएं उपलब्ध होंगी। प्रोजेक्ट की निर्धारित समय सीमा के अनुसार, मेरठ मेट्रो के सभी स्टेशनों पर सिविल निर्माण का काम लगभग पूरा होने के साथ ही स्टेशन आकार लेने लगे हैं।

परतापुर और रिठानी स्टेशनों पर प्रवेश और निकास का काम अंतिम चरण में है और फिनशिंग का काम किया जा रहा है। शताब्दी नगर स्टेशन तक प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाए जा चुके हैं। मेरठ सेंट्रल, भैंसाली और बेगमपुल के भूमिगत स्टेशनों पर भी निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति कर रहा है और फिनिशिंग का काम जारी है।

वर्तमान में, नमो भारत ट्रेन सेवाएँ न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 55 किलोमीटर के खंड में परिचालित हैं, जिसमें न्यू अशोक नगर, आनंद विहार, साहिबाबाद, गाज़ियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदी नगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ और मेरठ साउथ के ग्यारह स्टेशन शामिल हैं। मेरठ साउथ से शताब्दी नगर सेक्शन के परिचालित होने के साथ, कॉरिडोर का विस्तार 61 किलोमीटर में हो जाएगा, जिसमें 12 नमो भारत स्टेशन शामिल होंगे।

# नेशनल क्रिकेटर ने साथी को मारी गोली

● बैटिंग पर कमेंट करने पर नोएडा से किया अपहरण, बरेली में फेंका, मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में बैटिंग पर कमेंट करने पर नेशनल प्लेयर ने दोस्त को गोली मार दी। नैनीताल चलने की बात कहकर खिलाड़ी को कार में बैठा लिया। इसके बाद उसे कार में बंधक बना लिया। तीनों आरोपी किडनैप कर खिलाड़ी को बरेली ले गए। वहां कार में ही खिलाड़ी के सिर में गोली मार दी। गोली उसके सिर में फंस गई। इसके बाद कार से फेंककर फरार हो गए। घायल युवक ने फोन कर परिजनों को बताया, घरवालों ने सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया।

डॉक्टर ने सिर से गोली निकाल दी है। खिलाड़ी अब खतरे से बाहर है। मामला नोएडा के थाना फेस 3 का है। घायल खिलाड़ी के पिता ने आरोपी क्रिकेटर और उसके दो दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के बाद तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। गौतमबुद्ध नगर के थाना सेक्टर 113 के गांव सौरखा निवासी लालाराम का 20 वर्षीय बेटा अजय क्रिकेट खिलाड़ी है। वह कोचिंग के लिए एकेडमी में जाता है। छह फरवरी को अजय ने अपने पिता को फोन करके बताया - लक्की राठौर, सत्यम यादव और सौरभ राजपूत ने उसका किडनैप कर लिया। कार से उसे बरेली ले आए। यहां कार में ही उसके सिर में तमंचे से गोली मार दी। इसके बाद आरोपी भाग गए। पिता लालाराम ने इसकी जानकारी नोएडा पुलिस को दी। वह पुलिस के साथ बरेली गए। वहां अजय घायल अवस्था में उसे मिला। उसके सिर में गोली धंसी हुई थी। पुलिस ने उसे नोएडा के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में पिता लालाराम ने शुक्रवार शाम को रिपोर्ट दर्ज कराई। शनिवार तड़के थाना फेस 3 पुलिस टीपीनगर चौराहे के पास मुठभेड़ के बाद तीनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। तीनों के पैर में गोली लगी। आरोपी कार से भागने की फिराक में थे।

आरोपियों से पुलिस ने 3 तमंचा, बिना नंबर प्लेट की एक कार बरामद की। डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी लक्की पर्थला के पास क्रिकेट एकेडमी चलाता है। जहां अजय और अन्य लोग क्रिकेट खेलते थे। नेशनल स्तर का खिलाड़ी होने के बावजूद अजय बैटिंग को लेकर कभी कभार लक्की पर कमेंट कर देता था। यह बात उसे बुरी लगती थी। इसको लेकर एक साल पहले झगड़ा भी हुआ था।

## सुपरवाइजर को कार से कुचलने का आरोपी धरा

**गाजियाबाद।** एक्सप्रेसवे पर हुई वारदात में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला होटल में खाना खाने के दौरान हुई अभद्रता का बदला लेने से जुड़ा है।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, घटना 1 जनवरी को हुई, जब नितिन कुमार का एक्सप्रेस-वे स्थित एक होटल पर कुछ लोगों से विवाद हो गया। उसी दिन गांव कलछीना के पास कार सवार युवकों ने नितिन की बाइक को टक्कर मार दी। नितिन ने अपनी जान बचाने के लिए ईख के खेत में छिपने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उसे वहां भी ढूंढ निकाला और घायल कर दिया। पुलिस ने सद्दाम को गिरफ्तार किया है। सद्दाम ने खुलासा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ होटल में खाना खाने गया था, जहां होटल स्टाफ नितिन, शिवम और दो अन्य कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता की थी।

# 33 हजार हेक्टेयर में बसेगा फेज-2

● 14 हजार हेक्टेयर में उद्योग, मास्टर प्लान अप्रूव ग्रेनो का दायरा बढ़कर 56 हजार हेक्टेयर हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर-नोएडा फेज-2 शहर 33 हजार हेक्टेयर में बसाया जाएगा। मास्टर प्लान 2041 को अप्रूव कर दिया गया है। इस शहर का मकसद निवेश को बढ़ावा देना और रोजगार पैदा करना है। यहां निवेश के लिए बेहतर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था की जाएगी।

इसमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेट्रो, बोड़ाकी में प्रस्तावित मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के साथ यमुना व ईस्टर्न पेरिफेरल सहित आसपास से होकर गुजर रहे अन्य एक्सप्रेसवे से जोड़ने का काम किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा फेस-टू में गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड़ व गाजियाबाद के कुल 144 गांव शामिल हैं। फेज-वन में गांवों की संख्या 117 है। मास्टर प्लान-2041 में नए गांव जुड़ने से संख्या 257 हो गई। ऐसे में मास्टर प्लान के अनुसार ग्रेटर नोएडा का क्षेत्रफल अब 22,255.01 हेक्टेयर से बढ़कर 55,970.23 हेक्टेयर हो गया है। नए औद्योगिक सेक्टर विकसित करने के लिए अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में सबसे पहले उद्योगों के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, क्योंकि औद्योगिक भूखंडों की मांग सबसे अधिक है। उद्योगों के लिए 14 हजार हेक्टेयर जमीन आरक्षित की गई है। दादरी क्षेत्र में प्रस्तावित मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब, बोड़ाकी तक मेट्रो का विस्तार, 130 मीटर चौड़ी सड़क को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ने, परी चौक से लेकर हापुड़ तक 105 चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



एलिवेटेड रोड पर स्पीड रडार की वाहनों की गति जांचते पुलिसकर्मी

### 13 लाख की अवैध शराब जब्त

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अवैध शराब तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। वेव सिटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 लाख रुपये की 150 पेटी अवैध शराब बरामद की है। एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद राय के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी नागेंद्र पिछले 6 महीने से शराबबंदी वाले राज्यों में अवैध शराब की तस्करी कर रहा था। वह पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से शराब खरीदकर बिहार और गुजरात में सप्लाई करता था। प्रत्येक शराब की खेप पहुंचाने के एवज में उसे 15,000 रुपये मिलते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस अवैध धंधे का मास्टरमाइंड अमरोहा का रहने वाला विक्की है, जो अभी फरार है। विक्की की गाड़ियों का इस्तेमाल शराब की तस्करी में किया जाता था और उसी के निर्देश पर शराब की खरीद और सप्लाई की जाती थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी कैंटर में विशेष जगह बनाकर शराब छिपाकर ले जाता था। फिलहाल पुलिस गैंग के मास्टरमाइंड विक्की और अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। यह कार्रवाई शराबबंदी वाले राज्यों में अवैध शराब की तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

### किसानों की पीएम आवास तक की यात्रा स्थगित

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के सैकड़ों किसानों की दिल्ली की ओर निकली पैदल यात्रा को ग्रेटर नोएडा के दनकौर में पुलिस ने रोक दिया। 3 फरवरी से फिरोजाबाद से शुरू हुई यह यात्रा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री आवास तक जाने के लिए निकाली गई थी।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में चल रही यात्रा जब बुलंदशहर से गौतमबुद्ध नगर की सीमा में प्रवेश कर रही थी, तब एडीसीपी अशोक कुमार, एसीपी अरविंद कुमार और दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ उन्हें रोक दिया। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। मामले को शांत करने के लिए गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किसानों से फोन पर बात की और आश्वासन दिया कि वह 5 दिन के भीतर कृषि मंत्री से उनकी मुलाकात करवाएंगे।

### हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस की कार्रवाई

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसीपी-3 अरविंद कुमार के नेतृत्व में दनकौर और ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के कुख्यात बदमाशों के घरों पर छापेमारी की। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सालारपुर और दनकौर कस्बे के साथ-साथ ईकोटेक प्रथम कोतवाली के इमलिया गांव समेत कई स्थानों पर पुलिस टीम ने दबिश दी। इस दौरान पुलिस का मुख्य उद्देश्य हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन करना था। हालांकि, छापेमारी के दौरान भारी पुलिस बल को देखकर सभी बदमाश अपने घरों से फरार हो गए।

डॉ विजय सिंह नंबरदार ने कांकरोला और बढ़ा गांव में डोर टू डोर किया कार्यक्रम

डॉ विजय सिंह नंबरदार को ग्रामीणों ने दिया निगम चुनावों में विजयी श्री का भरोसा

कांकरोला और बढ़ा गांव के ग्रामीणों ने डॉ विजय सिंह नंबरदार को दिया पूर्ण समर्थन

मानेसर नगर निगम के जनप्रिय पंचायती उम्मीदवार डॉ विजय सिंह नंबरदार द्वारा मानेसर निगम के कांकरोला और बढ़ा गांव में डोर टू डोर कार्यक्रम में लोगों से भरपूर समर्थन मिला। उन्होंने डॉ विजय सिंह नम्बरदार को आश्वासन दिया कि वह पूर्ण रूप से उनके साथ है और आगामी चुनाव में पूर्णतः वोट देकर विजयी बनाएंगे। डा विजय सिंह नम्बरदार ने दोनों गांव की सरदारी का धन्यवाद वक्त किया। दोनों गांव के ग्रामीणों ने कहा कि डॉ विजय सिंह नम्बरदार शिक्षित व ईमानदार छवि के व्यक्ति हैं जो नगर निगम मानेसर को हरियाणा प्रदेश का नंबर वन नगर निगम बनाएंगे। जो सिर्फ डॉ विजय सिंह नम्बरदार ही कर सकते हैं।

advt.



निवेदक : कांकरोला और बढ़ा वासी

# दस जिलों में स्थापित होंगी नई आईएमटीः सीएम

## भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने पर गुरुग्राम में आयोजित सेमिनार में बोले नायब सिंह सैनी

● बोले, हरियाणा में लोगों के जीवन को सरल व सुगम करना सरकार की प्राथमिकता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने पर आयोजित सेमिनार में बोलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के 10 जिलों में नई आईएमटी स्थापित की जाएगी। हरियाणा में औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के निवारण के लिए सरकार तीव्र गति से काम कर रही है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का एक इको-सिस्टम तैयार किया है, जिसमें प्रमाण पत्र, लाइसेंस और अनुमति देने में अड़चन पैदा करने वाले अनेक नियमों और प्रक्रियाओं को खत्म किया गया है।

मुख्यमंत्री गुरुग्राम में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में भारत ग्लोबल इंडस्ट्रीज फोरम (बीजीआईएफ) द्वारा भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सहकारिता और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सड़क परियोजनाओं के विस्तार से आज विभिन्न क्षेत्रों के निवेशक निरन्तर सरकार के संपर्क में है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में स्वीकृतियां प्रदान करने के लिए सिंगल रूफ क्लीयरेंस सिस्टम लागू किया गया है, जिसमें समयबद्धता के साथ निवेशकों को 150 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश में लोगों के जीवन को सरल व सुगम करना हमारी प्राथमिकता है। सैनी ने कहा कि हमारा ध्येय है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति किसी भी रूप में गतिरोधों से प्रभावित न हो। हरियाणा के समुचित विकास में हमारी ईमानदारी का यह प्रतिफल है कि हरियाणा सरकार पिछले 10 वर्षों में हर प्रकार की परीक्षा की कसौटी पर खरी उतरी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निरंतर जारी औद्योगिक क्रांति में विशुद्ध भारतीयों की उपलब्धि पर कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। इस बात का प्रमाण भी है कि सरकार सही दिशा में काम कर रही है।

### सरकार-उद्यमियों के बीच सेतु का काम करे बीजीआईएफः शर्मा

**मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए भारत ग्लोबल इंडस्ट्रीज फोरम को सेतु की भूमिका निभानी होगी। प्रधानमंत्री जो सोचते हैं, उसे करके दिखाते हैं। इसी विचार पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नवाचार, सुधार और प्रदर्शन के साथ जो दिशा हमें दिखाई है, हमें उसपर गम्भीरता से आगे बढ़ना होगा। आज सड़क, रेल का जुड़ाव इतना बेहतरीन हुआ है, जो दर्शाता है कि देश बदल रहा है।**


राष्ट्रीय खेलों में मेडल जीतकर खुशी मनाते खिलाड़ी व कोच।

# पुरुष जिम्नास्टिक टीम ने जीता कांस्य पदक

● हरियाणा ने राष्ट्रीय खेलों में दूसरी बार जीता जिम्नास्टिक में पदक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की पुरुष जिम्नास्टिक टीम ने कांस्य पदक जीता है। यह प्रतियोगिता देहरादून के महाराणा प्रताप कालेज में चल रही है। हरियाणा की टीम ने राष्ट्रीय खेलों में दूसरी बार जिम्नास्टिक में पदक जीता है।

हरियाणा की टीम ने 204.90 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस कठिन मुकाबले में सर्विसेज पहले और उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। यह हरियाणा के लिए ऐतिहासिक दिन है। हरियाणा के होनहार जिम्नास्टिक्स खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीत कर हरियाणा का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे हरियाणा के जिमनास्टिक्स खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ रही है।

हरियाणा की टीम की इस सफलता का श्रेय उनके प्रशिक्षक संदीप कुमार को दिया जाता है, जिन्होंने खिलाड़ियों को तकनीकी बारीकियां सिखाकर उन्हें जीत के लिए तैयार किया। टीम में शामिल योगेश्वर सिंह, साहिल यादव, सागर, सारांश और जतिंदर ने शानदार प्रदर्शन किया। हरियाणा जिमनास्टिक टीम के मैनेजर और हरियाणा जिम्नास्टिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष परसराम ने बताया कि हरियाणा सरकार और खेल विभाग ने खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा प्रदान की, जिससे उन्हें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने में मदद मिली। उन्होंने इस जीत को खिलाड़ियों के साथ-साथ सरकार के प्रयासों की भी जीत बताया। हरियाणा जिमनास्टिक संघ के प्रधान सूरजपाल अम्मू ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके गुरुग्राम लौटने पर भव्य स्वागत करने की बात कही।

# गुरुग्राम निगम में जीतेगी भाजपाः शीतल

● दिल्ली विधानसभा के चुनाव में प्रचार करने पहुंची थीं शीतला स्वामी

● बोलीं, पीएम मोदी का जादू है बरकरार, देश में उनकी लहर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार में कई दिनों तक रहीं गुरुग्राम नगर निगम में मेयर पद की भावी प्रत्याशी एडवोकेट शीतल स्वामी ने मजबूती के साथ चुनाव प्रचार किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की जीत होने और मजबूत सरकार चुने जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब दिल्ली का विकास तेजी से होगा।

दिल्ली के उत्तम नगर विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार पवन शर्मा और राजेंद्र नगर विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार उमंग बजाज के लिए एडवोकेट शीतल स्वामी व प्रवीण चंद्रा वशिष्ठ ने मजबूती से चुनाव प्रचार किया। एडवोकेट शीतल स्वामी ने कहा कि दिल्ली चुनाव में जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर आपदा सरकार की कुरीतियों को जनता के सामने रखा, उस पर जनता ने पूरा भरोसा किया। प्रधानमंत्री के वायदों पर जनता ने भरोसा किया और भाजपा की सरकार चुनी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी दिल्ली में भी काम आई। शीतल स्वामी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद अब भाजपा गुरुग्राम समेत हरियाणा में निकाय चुनावों में भी जीत दर्ज करेगी।

### सैनी समाज ने वार्ड-36 से दिनेश को बनाया प्रत्याशी

**गुरुग्राम।** सैनी समाज की एक अहम बैठक सैनी चौपाल गुड़गांव गांव में हुई। बैठक में वार्ड नंबर-36 से पार्षद का चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक लोगों से नाम सांझा करने का अनुरोध किया। बैठक संचालन सैनी सुधार समिति के प्रधान विजय सैनी ने किया। बैठक में पूर्व सरपंच सुरेश सैनी, सतवीर सैनी, राजेश सैनी इंस्पेक्टर, चंद्रपाल सैनी,अमर सिंह सैनी, अशोक सैनी, तेज सैनी, रोहतास सैनी, शीशपाल सैनी, बाबू सैनी, चांद सैनी, अजय सांखला, राज बिसरवाल इत्यादि अनेकों लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता ताराचंद सैनी ने की। चुनाव लड़ने के लिए अनेक लोगों द्वारा अपने नाम दिए गए।

# रैपिड एक्शन फोर्स ने शहर में निकाला पैदल मार्च

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सुरक्षा के लिए पैदल मार्च निकालते ए/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के जवान।

रविवार को ए/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स ने उप-कमाण्डेंट सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस जोन पश्चिम के थानों के क्षेत्र में परिचित अभ्यास के लिए पुलिस लाइन गुरुग्राम में सहायक पुलिस आयुक्त मंजीत सिंह से मुलाकात की।

रैपिड एक्शन फोर्स की टीम व पुलिस ने साथ मिलकर थाना क्षेत्रों के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया। साथ ही थाना क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी हासिल की। इस दौरान पुलिस लाइन से मोर चौक, अग्रवाल धर्मशाला चौक, गुरुद्वारा रोड, सोहना चौक, भूतेश्वर मंदिर चौक, खांडसा मंडी, हिमगिरी चौक, बसई फ्लाईओवर, ईएसआई अस्पताल सेक्टर-9, सेक्टर-4/7 चौक, बाबा प्रकाशपुरी चौक, भगत सिंह चौक, शीतला माता रोड, सीआरपी चौक, कटारिया चौक, एमडीआई चौक (पुराना महाराणा चौक), सेक्टर-14 कॉलेज, पुलिस लाईन्स गुरुग्राम तक एरिया में फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा आमजन से पूर्व में घटित हुए दंगों, भविष्य में संभावित दंगों के बारे में सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी जानकारियां हासिल की।

उप-कमांडेंट सुनील कुमार ने बताया कि परिचित अभ्यास के दौरान थाना क्षेत्र में संवेदनशील जगह, बलवाईयों की सूची तैयार किया गया, ताकि क्षेत्र में साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा होने पर अधिक प्रभावी/कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण किया जा सके। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और आमजन में सामजस्य स्थापित करना है, जिससे कि भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। इस अभ्यास के दौरान सहायक कमाण्डेंट सुभाष चंद्र मीणा, निरीक्षक योगेन्द्र बसीठा, पश्चिम जिला पुलिस के सभी थाना प्रबन्धक, 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों तथा थाने की पुलिस टीमों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार



### मैक कॉन्वेंट स्कूल प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**फरीदाबाद।** मैक कॉन्वेंट स्कूल के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के बहुत से बच्चों ने अध्यापिकाओं की मदद से बहुत मेहनत से बेहतरीन मॉडल बनाए। जिसमें चंद्रयान-3, हाइड्रोइलैक्ट्रिक डैम, एसिड रेन, अर्थ डिडेक्टिव अलार्म, तथा मानव श्वसन प्रक्रिया मुख्य थे। साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने के लिए भी बच्चों ने अभिभावकों को जागरूक किया। इस आयोजन में हमारे मुख्य अतिथि आरडब्लूए के अध्यक्ष, रितेश भाटिया, सीके मैमोरियल कपूर अस्पताल के डॉक्टर अजय कपूर, हरीश बवेजा और कृष्णचंद ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती रीटा तनेजा तथा प्रधानाचार्या श्रीमती स्वाती तनेजा ने भी बच्चों की मेहनत और उनके कार्य की सराहना की और सभी बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। कार्यकम के अंत में सभी बच्चों को अल्पाहार भी दिया गया।

### मेले में हुई विद्यार्थियों की चित्रकला व क्ले प्रतियोगिता



**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में नाट्यशाला में विद्यार्थियों की हर दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में रविवार को चित्रकला और क्ले प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। पर्यटन निगम और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नाट्य कला में आयोजित जूनियर व सीनियर वर्ग की चित्रकला और क्ले प्रतियोगिताओं में सभी विद्यार्थी प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इनमें चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद की छात्रा कुदरत कौर ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूपानी की छात्रा दृष्टि शर्मा ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्रा नगर फरीदाबाद के छात्र संभव सिंगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी स्पर्धा में सीनियर वर्ग में सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 के श्रीजल ने प्रथम, मॉडर्न बी.पी. पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के कुमार वंश ने द्वितीय तथा डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद की अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा क्ले प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सेंट जॉन्स स्कूल फरीदाबाद की सान्या ने प्रथम, एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की अराध्या ने दूसरा और होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की छात्रा खुशी गौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी स्पर्धा के सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडोली की छात्रा मीनाक्षी ने पहला, मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की छात्रा आकांक्षा ने दूसरा और इसी स्कूल के नासिर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# सिंगर अरमान मलिक, नीति मोहन रफ्तार व डीजे योगी ने मचाई धूम

● रॉयल स्टैग बूम बॉक्स की धुनों पर झूमा गुरुग्राम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

लिविंग इट लार्ज की भावना का उत्सव मनाते हुए सीग्राम्स रॉयल स्टैग ने गुरुग्राम के सेक्टर-29 में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के तीसरे संस्करण की शुरुआत की। इस साल का यह उत्सव संगीत और गेमिंग मनोरंजन का है। इस कार्यक्रम की शुरुआत डीजे योगी के ऊर्जावान सेट से हुई, जिसने माहौल में जोश भर दिया। इसके बाद रैप स्टार रफ्तार ने अपनी धमाकेदार बीट्स से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

नीति मोहन ने अपनी बहुमुखी आवाज से सभी का मन मोह लिया। ग्रैंड फिनाले में संगीत के महारथी अरमान मलिक ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से त्योहार की विविध संगीत शैलियों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में ओशन शर्मा और रेगाल्टोस के बीच मंच पर लाइव ईएएफसी गेमिंग फेस-ऑफ प्रतियोगिता ने रोमांच को और बढ़ा दिया। गायक-गीतकार अरमान मलिक ने कहा कि संगीत हमेशा से मेरे लिए लोगों से जुड़ने का जरिया रहा है। गायिका नीति मोहन ने भी यहां बेहतरीन प्रस्तुति दी। वे बोलीं, गुरुग्राम में परफॉर्म करना एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। प्रसिद्ध हिप-हॉप कलाकार रफ्तार ने कहा कि रॉयल स्टैग बूमबॉक्स दर्शकों को एक ऊर्जावान और भावनात्मक सफर पर ले जाने का मौका है। गुरुग्राम ने जबरदस्त जोश दिखाया। डीजे योगी ने कहा कि रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का मकसद संगीत के जरिए दर्शकों को झूमने और जीवन का आनंद महसूस कराने का है।

# योगाभ्यास से मन में होता है शांति का वासः विभा

● सिधरावली कालेज में छह दिवसीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का हुआ समापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


राजकीय महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के समापन पर सूर्य नमस्कार करते विद्यार्थी।

राजकीय महाविद्यालय सिधरावली में छह दिवसीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार एवं आयुष मंत्रालय की मुहिम हर घर हर परिवार सूर्य नमस्कार के तहत आयोजित किया गया।

इसमें प्रतिदिन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ मेंबर्स ने सूर्य नमस्कार किया। साथ ही प्राणायाम एवं अन्य योगासन भी किए। योग हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। योग शब्द का अर्थ है जुड़ना। जो वास्तव में हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। प्रतिदिन प्रात्काल योगाभ्यास करने से हमारे मन में शांति का वास होता है, जिससे मन प्रसन्न रहता है। योग क्लब इंचार्ज डॉ. विभा ने कहा कि योग केवल पतले होने के लिए नहीं किया जाता है, बल्कि स्वयं को स्वस्थ, सुदृढ़, सौहार्दपूर्ण, सहनशील, क्षमाशील एवं सुन्दर बनाए रखने के लिए किया जाता है। श्रीमद् भगवद्गीता में योग के विषय में समत्वं योग उच्यते कहा गया है, जिसका तात्पर्य है अनुकूलता-प्रतिकूलता, सफलता-विफलता सुख-दुख आदि सभी परिस्थितियों में संयम बनाए रखना एवं अटल रहने का नाम ही योग है। योग द्वारा जीवन में अधिक योग्य बनने की क्षमता पैदा होती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पी.के. मलिक ने भी विद्यार्थियों के साथ योग से मिलने वाले लाभों के विषय पर चर्चा की।

### फरीदाबाद में सरकारी कार्यालय में अवैध ढंग से काटे गए पेड़ः एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने कहा है कि हरियाणा के फरीदाबाद में पशुपालन एवं डेरी उपनिदेशक के कार्यालय परिसर में कई पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया। अधिकरण एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उपनिदेशक, रेंज अधिकारी और ठेकेदार के कहने पर पीपल के कुछ पेड़ों को अनधिकृत रूप से काटने का आरोप लगाया गया था। याचिका में कहा गया है कि वैसे तो शीशम और अन्य पेड़ों को काटने की अनुमति दी गई थी लेकिन पीपल के वृक्षों को काटने की मंजूरी नहीं दी गई थी।

पिछले वर्ष दिसंबर में अधिकरण ने अवैध ढंग से काटे गए वृक्षों की संख्या और अवैध कटाई की सीमा, ऐसे पेड़ों के प्रकार तथा सक्षम प्राधिकारी से ली गई अनुमति आदि विषयों की पड़ताल के लिए एक संयुक्त समिति गठित की थी। संयुक्त समिति में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि शामिल हैं।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने तीन फरवरी को अपने आदेश में कहा कि समिति ने 31 जनवरी को अपनी रिपोर्ट पेश की और उसके अनुसार केवल गूलर के आठ पेड़ों के प्रतिरोपण की अनुमति दी गई थी, न कि उन्हें काटने की।

# साक्षात ईश्वर का रूप होते हैं बड़े बुजुर्गः मंत्री

● विपुल गोयल व राजेश नागर ने स्व पीआर धमीजा को पुष्पांजलि अर्पित कर स्वास्थ्य शिविर में कराई जांच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हरियाणा के शहरी निकाय विकास मंत्री विपुल गोयल कहा कि जो लोग अपने बुजुर्गों की सेवा करते हैं, उन परिवारों के लिए बड़े बुजुर्ग साक्षात ईश्वर का रूप होते हैं। सेक्टर 16 के सामुदायिक भवन में स्व पी आर धमीजा की पुण्य तिथि पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आए गोयल ने कहा कि उन्हें पिछले करीब 40 वर्षों से श्री धमीजा का आशीर्वाद मिलता रहा, बेहद पराक्रमी व्यक्ति थे। उनका परिवार उनकी याद में हर साल चिकित्सा शिविर लगा ना केवल उन्हें याद करता है बल्कि उन्हें अमर बनाए हुए है। खाद्य आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने इस शिविर में पहुंच कर शिविर के आयोजक परिवार व एकॉर्ड हॉस्पिटल की टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाजिक व पारिवारिक संस्कारों को बढ़ावा देते हैं।

### चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को अधिकारी नियुक्तः उपायुक्त

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए उपायुक्त विक्रम सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इन अधिकारियों के सहयोग के लिए अन्य अधिकारियों को सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है। उपायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार एसडीएम फरीदाबाद शिखा के सहयोग के लिए तहसीलदार फरीदाबाद पायल यादव व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बल्लभगढ़ कार्यालय की एक्सईएन आकांक्षा, एफएमडीए के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भरत भूषण के साथ बडड़ल के नायब तहसीलदार उमेश कुमार व एमएसएमई फरीदाबाद के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार शर्मा, एसडीएम बड़खल त्रिलोकचंद के साथ बड़खल तहसीलदार नेहा सहारण व बल्लभगढ़ जोन की सीडीपीओ सुशीला सिंह को सहायक अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है।

# रेपो रेट में कटौती से गुरुग्राम रियल एस्टेट सेक्टर में तेजी आने की उम्मीद

● रियल एस्टेट सेक्टर करेगा बूम, होम बायर्स को होगा लाभ

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती के फैसले का रियल एस्टेट उद्योग ने स्वागत किया है। यह फैसला रियल एस्टेट सेक्टर समेत पूरी अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कटौती से होम लोन सस्ते होंगे और बाजार में नकदी प्रवाह बढ़ेगा, जिससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

एम3एम इंडिया के निदेशक यतीश वहाल ने कहा कि हम भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर 6.25 प्रतिशत करने के निर्णय का स्वागत करते हैं, जो लगभग पांच वर्षों में पहली कटौती है। इससे होम लोन सस्ते होंगे, जिससे लाखों लोगों की ईएमआई कम होगी और रियल एस्टेट मार्केट में मांग को बढ़ावा मिलेगा।

हीरो रियल्टी के सीईओ मधुर गुप्ता ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती करने का निर्णय घर खरीदने वालों और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक कदम है। कम ब्याज दरें होम लोन को और अधिक किफायती बना देंगी, जिससे उधारकर्ताओं पर वित्तीय बोझ कम होगा और आवास की मांग बढ़ेगी। इस कदम से बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है।

कॉन्शिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस हेड मोहित अग्रवाल के मुताबिक आरबीआई का यह फैसला प्रीमियम रियल एस्टेट सेगमेंट के लिए एक स्वागत योग्य कदम है। लगातार 11 बार रेट होल्ड करने के बाद इस कटौती से होम लोन को और अधिक किफायती बनाकर आवास की मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

बीपीटीपी के सीएफओ मानिक मलिक ने कहा कि रेपो रेट में कटौती करके नीति दर में इस बदलाव से उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद है, जिससे डेवलपर्स और घर खरीदने वाले दोनों को लाभ होगा। डेवलपर्स को कम उधार दरों के माध्यम से वित्तीय राहत मिलेगी, जिससे परियोजना निष्पादन में आसानी होगी और निर्माण लागत को प्रबंधनीय बनाए रखा जा सकेगा।

रॉयल ग्रीन रियल्टी के मैनेजिंग डायरेक्टर यशांक वासन ने कहा कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में आरबीआई एमपीसी की बैठक में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 6.25 प्रतिशत करने की घोषणा से घर खरीदने वालों को फायदा होगा।

त्रेहान आइरिस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमन त्रेहान ने कहा कि इस फैसले से घर खरीदने वालों, खासकर पहली बार घर खरीदने वालों और अपग्रेड करने वालों को लाभ होगा। इसके अलावा यह प्रीमियम और लग्जरी आवास की मांग को भी बढ़ावा देगा। कुल मिलाकर, यह कदम विकास को बढ़ावा देगा, अर्थव्यवस्था में रियल एस्टेट क्षेत्र के योगदान को मजबूत करेगा।

# नायब सिंह व मंत्रियों ने उठाया मेले का आनंद

## 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में मुख्यमंत्री ने बतौर मेजबान दोपहर भोज के आयोजन में की शिरकत

● केंद्र और प्रदेश सरकार के अनेक मंत्री, विधायक सहित वरिष्ठ अधिकारी प्रीतिभोज में हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। सूरजकुंड


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व प्रदेश के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

फरीदाबाद में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के दौरान रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा सरकार की ओर से बतौर मेजबान राजहंस पर्यटन केंद्र में दोपहर भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की, जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार के अनेक मंत्रियों, विधायकों और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित अधिकारीगण ने सांझा प्रीतिभोज लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन केंद्र में रखे गए भोज के दौरान स्वयं उपस्थित विशिष्ट जनों के पास जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में घाना, मध्यप्रदेश, रशिया, इथोपिया, असम और कजाकिस्तान के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, राज्य सभा सांसद सुभाष बराला, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अधलखा, कपूर वाल्मीकि सहित हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी, पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती कला रामचंद्रन, मंडल आयुक्त संजय जून, एमसीएफ आयुक्त ए मोना श्रीनिवास, डीसी विक्रम सिंह, पर्यटन निगम के निदेशक डा. शालिन, एमडी सुनील कुमार, जीएम आशुतोष राजन व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### गलत तरीके से युवाओं को विदेश भेजने वाले नपेंगे

**पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत तरीके से युवाओं को विदेशों में भेजने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है, जिनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विदेश में रोजगार के लिए जाने वाले नागरिकों के लिए उचित व्यवस्था भी की गई है ताकि वे किसी भी प्रकार से ठगी का शिकार न हों।**

## केजरीवाल ने नफरत की राजनीति फैलाई: बराला

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के राजहंस में पहुंचे राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने दिल्ली में बीजेपी की जीत को ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि 27 वर्षों के बाद दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताते हुए विपक्ष की राजनीति को नकार दिया है। बराला ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा वार करते हुए कहा कि केजरीवाल और उनकी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने राजधानी में झूठ, लूट और नफरत की राजनीति फैलाई, जिसे जनता ने नकार दिया है। उन्होंने बीजेपी की जीत का जश्न मनाते हुए कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह दिल्ली में भी जीत के बाद जलेबियां बंटी हैं और 12 मार्च को निगम चुनाव के नतीजों में भी यही होगा। बराला ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी को आत्ममंथन करना चाहिए कि वह लगातार तीसरी बार दिल्ली में खाता भी क्यों नहीं खोल पाई। उन्होंने कांग्रेस को एक परिवार की पिछलग्गू बताते हुए कहा कि पार्टी अपना अस्तित्व खो रही है।

# प्रभारी व सह-प्रभारी सूचियों में उलझे तो अध्यक्ष ने मांगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

● निकाय चुनाव के लिए 11 फरवरी तक दे सकते हैं आवेदन

● आज चुनाव आयोग से मिलेगा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी व सह प्रभारी भी पार्टी नेताओं की लड़ाई व गुटबाजी का हिस्सा बन गए हैं। निकाय चुनाव को लेकर प्रभारी व सह प्रभारी जहां लगातार कमेटियों का गठन करने में उलझे हुए हैं वहीं प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने नई लकीर खींचते हुए चुनाव लड़ने के चाहवानों से आवेदन मांग लिए हैं।

प्रभारी तथा सह-प्रभारियों द्वारा की जा रही नियुक्तियों के मामले में प्रदेश अध्यक्ष उदय भान की अनदेखी किए जाने की खबरें लगातार चल रही हैं। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा है कि कांग्रेस नगर निगम (पार्षद और मेयर) व नगर परिषद चेयरमैन का चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ने जा रही है। इसलिए चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेसी 11 फरवरी तक अपना आवेदन फार्म जमा करवा सकते हैं। कोई काँग्रेसजन नगर परिषद के वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ना चाहता है तो वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव के लिए गठित की गई अपने जिले की समिति से संपर्क कर सकता है। ताकि उसके पार्टी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लडने् या ना लड़ने पर विचार किया जा सके। उदयभान ने साफ किया कि नगर पालिका का कोई भी चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़ा जाएगा। क्योंकि यह भाईचारे का चुनाव होता है। चौधरी उदयभान ने बताया कि आवेदक प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित की गई स्थानीय निकाय चुनाव जिला समिति के इंचार्ज अथवा संयोजक को 11 फरवरी को शाम तक अपना आवेदन अवश्य जमा करा दें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने बैठक कर बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग उठाने का फैसला लिया है।



# चुनाव से पूर्व भाजपा में शामिल हुए सतबीर शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

थानेसर नगरपरिषद चुनाव से पहले कांग्रेस का एक और विकेट उस समय गिर गया जब पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के साथ करीब 20 साल तक रहे, उनके साथ इनेलो में जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव रह चुके और उनके साथ कांग्रेस में सक्रिय रहे सतबीर शर्मा ने आज पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में भाजपा का दामन थाम लिया।

रविवार की शाम सतबीर शर्मा अपने आवास में सुभाष सुधा के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर सतबीर शर्मा ने कहा कि बीते 10 वर्षों में सुभाष सुधा के नेतृत्व में शहर में हुए विकास कार्यों से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हुए हैं। अब वे पार्टी और संगठन का सहयोग करेंगे। सुधा ने सतबीर शर्मा को भाजपा में शामिल करते हुए कहा कि भाजपा में सतबीर शर्मा को पूरा मान सम्मान मिलेगा।

# चपरासी बनने को मजबूर है उच्च शिक्षा प्राप्त हरियाणावासी: हुड्डा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

● झज्जर में चतुर्थ श्रेणी के 13 पदों के लिए सात हजार तो सिरसा में 5700 ने किया आवेदन

● दस साल में कई गुणा बढ़ी बेरोजगारी



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश सरकार को एक बार फिर से बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरा है। रविवार को चंडीगढ़ में जारी एक बयान में हुड्डा ने कहा कि चपरासी की नौकरी के लिए बीए, बीएड और एमए पास युवाओं ने किया आवेदन, माली और चौकीदार बनने के लिए हाइली क्वालिफाइड युवा लगे कतार में, युद्ध क्षेत्र इजरायल में मजदूरी करने के लिए उमड़ी युवाओं की भीड़। ऐसी खबरें अब हरियाणा में रूटीन हो चुकी हैं। भयंकर बेरोजगारी से जूझ रहे हरियाणवी युवा चपरासी की कच्ची नौकरी तक करने को मजबूर हैं।

हुड्डा ने झज्जर में चपरासी के 13 पदों के लिए निकली भर्ती के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चपरासी बनने के लिए यहां 7,616 युवाओं ने आवेदन किया था। इनमें ज्यादातर युवा हाइली क्वालिफाइड थे।

बीजेपी ने हरियाणवी युवाओं को बेरोजगारी, अपराध, नशे और डॉन्की के रास्ते पर धकेल दिया है। बाकी बचे हाईली क्वालिफाइड युवाओं को इस सरकार ने चपरासी व चौकीदार बनने की लाइन में लगा रखा है।

कुछ ही दिन पहले सिरसा कोर्ट में चपरासी और चौकीदार के कुल 13 पदों के लिए 5,700 युवाओं ने किया आवेदन है। आठवीं पास योग्यता वाली इस भर्ती के लिए भी बीए, बीटेक, बीकॉम, बी फार्मेसी, बीसीए, एमए, एमबीए, एमएससी, एमकॉम, एमसीए और एमफिल तक की डिग्री वाले युवाओं ने आवेदन किया था। बेरोजगारी के चलते मजबूरी में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, एमफिल, पीएचडी क्वालिफाइड युवा निजी कंपनियों, कोर्ट और कौशल रोजगार निगम में सफाई कर्मी, चपड़ासी व चौकीदार जैसी कच्ची नौकरी भी करने को तैयार हैं। कौशल निगम में स्वीपर के लिए निकले पदों पर 39,990 ग्रेजुएट और 6112 पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं ने आवेदन किया था। 1,17,144 बारहवीं पास युवा भी इस कच्ची नौकरी को करने की इच्छा रखते हैं। कुल मिलाकर 3.95 लाख युवा स्वीपर की नौकरी के लिए कतार में खड़े हुए।

इससे पहले पानीपत कोर्ट में चपरासी के 6 पदों की भर्ती में भी यही हाल देखने को मिला था। लेकिन उसके लिए अप्लाई करने वाले 10 हजार युवा थे। हुड्डा ने कहा कि सीएमआईई से लेकर सरकारी संस्था एनएसएसओ के आंकड़े खुद बताते हैं कि हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन है। केंद्र सरकार ने संसद में खुद माना कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार के समय 2013-14 में बेरोजगारी दर सिर्फ 2.9 प्रतिशत थी जो बीजेपी सरकार के दौरान 9.0 प्रतिशत पहुंच गई है। प्रदेश के सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज हरियाणा के युवा रोजी-रोटी की तलाश में या तो प्रदेश छोड़ रहे हैं या देश ही छोड़कर बाहर जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार के समय नौकरियों की तैयारियों के लिए हरेक गली-मोहल्ले में कोचिंग सेंटर खुलते थे, लेकिन आज गली-गली में इमिग्रेशन वालों के ऑफिस खुल रहे हैं।

# निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने कसी कमर

● रविवार को हुई पार्टी की बैठक में ओवरऑल मैनेजिंग, स्क्रूटनी, मैनिफेस्टो, लीगल, सोशल मीडिया, तथा कैंपेनिंग कमेटी का किया गया गठन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बैठक में मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

फरीदाबाद नगर निगम चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कमर कस ली है। जिसको लेकर रविवार को दिल्ली -सूरजकुण्ड स्थित आनंद फार्म में कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेषतौर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी एवं राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव जितेन्द्र बघेल, जिला कांग्रेस के प्रभारी आफताब अहमद, जिला के सहप्रभारी रोहताश बेदी, विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, विजय प्रताप सिंह, रोहित नागर, पराग शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में ओवरऑल मैनेजिंग कमेटी में आफताब अहमद, विजय प्रताप, रोहताश बेदी, तरूण तेवतिया, अनीश पाल, वेदपाल दायमा को शामिल किया गया। स्क्रूटनी कमेटी में अनीशपाल, वेदपाल दायमा, रेनू चौहान, मुकेश शर्मा, बाबू लाल रवि को शामिल किया गया। वहीं मैनिफ़ेस्टो क मेटी में बार के पूर्व चेयरमैन संजीव चौधरी, विनोद कौशिक, नीतिन सिंगला, राजेन्द्र चपराना, सुमित गौड़, इकराम खान, जगन डागर, गिरीश भारद्वाज, सतबीर डागर, मुकेश शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। लीगल कमेटी में एडवोकेट राकेश भड़ाना, विकास वर्मा, राजेश खटाना, वंदना को लिया गया। सोशल मिडिया में तरूण तेवतिया को कन्वीनर बनाया वहीं सोशल मीडिया कमेटी में चेयरमैन डा सौरभ शर्मा, इशांत कथूरिया, नीरज गुप्ता, नीतिन सिंगला, विकास दायमा, अक्षय चंदीला, राहुल सरदाना, सागर कौशिक, चुन्नू राजपूत, रियाज खान, उमेश कौशिक को स्थान दिया गया। कैंपेनिंग कमेटी में पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह, एसी चौधरी, अवतार सिंह भड़ाना, आफताब अहमद, रघुबीर सिंह तेवतिया, नीरज शर्मा, बलजीत कौशिक, लखन सिंगला, विजय प्रताप, रोहताश बेदी, रोहित नागर, पराग शर्मा, अब्दुल गफ्फार कुरैशी, ठाकुर राजाराम, मुकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सीनेट हॉल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि केयू सीनेट हॉल सहित छात्रावासों में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा जिससे परीक्षार्थी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम द्वारा छात्र, शिक्षक एवं अभिभावकों को परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने की नई दिशा प्राप्त होगी। केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। 10 फरवरी 2025 को केयू सीनेट हॉल में सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर परीक्षा पे चर्चा के संस्करण का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

# बदमाशों ने बिल्डर को पीटा, वीडियो वायरल

● बिल्डर पर बदमाशों का हमला, लोहे की रॉड व लाठी से हमला कर हाथ-पैर तोड़े

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



अजरौंदा चौक स्थित दशमेश प्लाजा में आरटीएस ग्रुप के बिल्डर राजेश भारद्वाज पर कुछ बदमाशों ने लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर हाथ पैर तोड़ दिए। गंभीर हालत में उन्हें नजदीक के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वारदात की वीडियो वायरल हुई है, जिसमें आफिस में घुसते वक्त कुछ बदमाश लाठी डंडों से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक राजेश भारद्वाज दोपहर करीब 1 बजे जब गाड़ी से उतरकर ऑफिस की ओर जा रहे थे, तभी सीढ़ियों पर बदमाशों ने उन्हें रोका और हमला कर दिया। हमलावरों में करीब 8-10 लोग शामिल बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि राजेश भारद्वाज का प्रॉपर्टी को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था, जिसके चलते उन्हें लगातार धमकियां मिल रही थीं।

हमले के दौरान एक युवक बदमाशों को रोकने की कोशिश करता नजर आ रहा है, लेकिन हमलावरों की संख्या अधिक होने के कारण वह कुछ नहीं कर पाए। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हुए, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे।

पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है, लेकिन अभी तक घायल के बयान दर्ज नहीं किए गए हैं। हैरत की बात तो यह है कि जहां पर हमला हुआ, वहां से महल 100 मीटर की दूरी पर एसीपी ऑफिस है और एसीपी ऑफिस होने के बावजूद बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया।



# मेले में लखपति दीदी के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

● मेले में शिल्पकार, कुशल कारीगर और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं ले रहीं बढ़ चढ़ कर भाग

पायनियर समाचार सेवा। सूरजकुंड

38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में सरस आजीविका पवेलियन में लखपति दीदी द्वारा संचालित स्टॉल पर विभिन्न उत्पाद मेला देखने आ रहे पर्यटकों को खूब लुभा रहे हैं।

स्टॉल्स की बात करें तो स्टॉल नंबर-321 से लेकर 373 तक लगी स्टॉल पर लखपति दीदी द्वारा विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इन स्टॉल पर देशी के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी जमकर खरीददारी कर रहे हैं। इस बार मेला में स्वयं सहायता समूहों द्वारा 53 स्टॉल लगाए गए हैं, जिन पर सिल्क साड़ी, दुपट्टे, सूट, दरी, चादरों के साथ-साथ पापड़, आचार, भुजिया सहित अन्य उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। सरकार द्वारा शुरू किए गए ग्रामीण आजीविका मिशन का दायरा बढ़चढ़र हरियाणा राज्य के सभी जिलों के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक तक पहुंच गया है। सक्रिय रूप से महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने में मिशन कारगर साबित हो रहा है।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने् की दिशा में संकल्पबद्ध है।

# शिल्प मेले में गुजराती हैंड मेड साड़ियों की धूम

● पटोला, बंधनी, घीच व अजरख सरीखी साड़ियों की वैरायटी की भरमार

पायनियर समाचार सेवा। सूरजकुंड



इस बार 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में पर्यटकों को गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिल रही है। शिल्पकार अपने राज्य की विविध कलाओं, और परिधानों का प्रदर्शन कर मेला प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। वहीं मेला में हैंड मेड गुजराती साड़ियों की धूम है।

गुजरात की साड़ियां अपनी विशिष्टता और बुनाई की तकनीकों के लिए प्रसिद्ध हैं। इनमें पटोला, बंधनी, घीच, और अजरख जैसी साड़ियां शामिल हैं, जो अपने रंगों, पैटर्न और बुनाई की जटिलता के लिए जानी जाती हैं। परिधान से जुड़ी स्टालों पर गुजराती हैंडमेड साड़ियां महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। खरीदारी के साथ ही महिलाएं पारंपरिक डिजाइन और बुनाई की उत्कृष्टता की जानकारी मेले में ले रही हैं। चूंकि मेला में बुनकर और शिल्पी देश व विदेशी स्टालों पर आगंतुकों को कलाओं की बारीकी से जानकारी दे रहे हैं। कारीगरों की खूबसूरत गुजराती साड़ियों में कला और मेहनत की अनूठी कहानी भी छिपी हुई है।

मेला में स्टॉल संख्या-979 के संचालक व प्रसिद्ध बुनकर गुजरात के गांव भुझुडी निवासी देवजी और बाया भाई कहते हैं कि उनका प्रमुख व्यवसाय हैंडमेड गुजराती साड़ियां हैं।

हथकरघा में उनके परिवार को अब तक सरकार द्वारा 10 राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें देवजी को वर्ष 1997 में नेशनल अवॉर्ड मिला था। इसके अलावा उनकी कला को सूरजकुंड मेले में भी चार बार अवार्ड मिल चुका है।

# बड़ी चौपाल पर कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जमाया रंग


बड़ी चौपाल पर प्रस्तुति देते कलाकार।

**सूरजकुंड।** सूरजकुंड मेला में बड़ी चौपाल और छोटी चौपाल पर देशी और विदेशी कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर रविवार को भी जारी रहा। इन चौपालों पर कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों के चलते देर शाम तक दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही। कलाकारों ने अपने देश और राज्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पर्यटकों का मनोरंजन किया।

# दयानंद सरस्वती जैसा वेदों का ज्ञाता धरती पर नहीं हुआ: सत्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। कुरूक्षेत्र

● पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यपाल ने महायज्ञ में आहुति डालने के बाद किया लोगों को संबोधित

मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर और पूर्व केंद्रीय मंत्री व बागपत के पूर्व सांसद डॉ. सत्यपाल ने कहा कि पिछले 5 हजार वर्षो में महर्षि दयानंद सरस्वती जैसा वेदों का ज्ञाता, राष्ट्रवादी ब्रह्मचारी विद्वान नहीं हुआ है। वे शनिवार को कुरूक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के योग भवन के प्रांगण में 12 दिवसीय चतुर्वेद महायज्ञ के 8वें दिन यज्ञ में आहुति डालने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता के चलते बोल देते है कि आर्य भारत से आए है।

महर्षि दयानंद सरस्वती ने सबसे पहले कहा था कि आर्य भारत के मूल निवासी है, इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि हमारे देश का पहले नाम आर्यव्रत भी रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि भारत को विश्व गुरू बनाना है तो महर्षि दयानंद सरस्वती के दिखाए रास्ते वेदों की ओर लौटाना होगा।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री विजय गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री एम. एस. गुप्ता और श्री विक्रम गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता दोनों संयुक्त 'टाइटल होल्डर' हैं, 'जिनके पास 'प्लॉट नंबर 15/208, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017 में स्थित फ्रीहोल्ड निर्मित आवासीय संपत्ति की संपूर्ण द्वितीय तल, जिसका क्षेत्रफल 72.00 वर्ग गज है' जिसे इसके बाद 14 जून, 2019 के सेल डीड के अनुसार 'अनुसूचित संपत्ति' के रुप में संदर्भित किया गया है, जो 17.06.19 को सब रजिस्ट्रार-V-A, हौज खास, नई दिल्ली के कार्यालय में पंजीकरण संख्या 4210, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 2881, पीपी 161-177 के रुप में विधिवत पंजीकृत है। मूल दस्तावेज यानि (1) लीज डीड दिनांक 25.09.61, (2) एच.टी. असनानी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 31.01.73, (3) रिलीज डीड दिनांक 28.04.78, (4) प्रतिस्थापन पत्र दिनांक 29.08.81, (5) रामचंद एच. असनानी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 16.06.02, (6) त्याग विलेख दिनांक 25.06.02, (7) प्रतिस्थापन पत्र दिनांक 23.06.04, (8) हस्तांतरण विलेख दिनांक 09.07.2004, (9) संकल्प दिनांक 18.03.2009, (10) बिक्री विलेख दिनांक 08.05.09, (11) निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र दिनांक 23.07.2009 और (12) संकल्प दिनांक 22.01.10 डब्ल्यू.आर.टी., अनुसूचित प्लॉट (प्लॉट संख्या 15/208, मालवीय नगर, नई दिल्ली) सभी खो गए हैं/गुम हो गए हैं और आज की तारीख तक उनका पता नहीं चल पाया है, जिसके बदले में दिल्ली पुलसि के पास दिनांक 09.02.2025 को सूचना रिपोर्ट एलआर संख्या 2569811/2025 दर्ज की गई है। इसलिए, यह आम जनता को बड़े पैमाने पर सूचित किया जाता है, यानी किसी भी व्यक्ति, कंपनी, प्राधिकरण, सोसायटी, संगठन, वित्तीय संस्थान, बैंक, एचयूएफ आदि, उपर्युक्त खोए हुए/गुम हुए/अप्राप्त मूल दस्तावेजों के बारे में कोई जानकारी, अभिरक्षा या कब्ज़ा होना या अन्यथा स्वामित्व, उत्तराधिकार, विरासत, बिक्री, बंधक विनिमय, भार, ग्रहणाधिकार उपहार, ट्रस्ट, भार आदि के माध्यम से अनुसूचित संपत्ति/भूखंड में कोई दावा, अधिकार, शीर्षक, हित, कब्ज़ा आदि। वे सहायक दस्तावेजों के साथ आगे आ सकते हैं, जिन्हें इस प्रकाशन की दिनांक से 15 दिनों के भीतर हस्ताक्षरकर्ता को सौंप दिया जाना चाहिए, जिसके समाप्ति के बाद, कोई भी दावा या आपत्ति, यदि उठाया या प्राप्त किया जाता है, तो उसे अमान्य शून्य माना जाएगा और माफ कर दिया जाएगा।

जोनी कश्यप, अधिवक्ता
पता : चैंबर नंबर 6, ब्लॉक-ई, कड़कड़डूमा कोर्ट नई दिल्ली-110032, संपर्क नंबर: +91 99716 26467

**PUBLIC NOTICE**

**TO WHOMESOEVER IT MAY CONCERN**

This information for the General Public that my client **Manoj Kumar** son of **Jay Bhagwan** resident of 69, **Basant Nagar, Vasant Vihar, South West Delhi, Delhi**-110057, has disowning and disinherited their daughter namely **Shubhangini** from all their moveable & immoveable properties and have also severed all their relations from her. Therefore my client shall not be responsible for any act, illegal or criminal activity and conduct done by her in future.

**Ombir Sangwan (Advocate)**
Ch.No.5, Patiala House Court, ND-110001

**पट्टा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरचन्दपुर में पार्किंग व SC (I) व SC (II) चौपाल के कंडम सामान जैसे गाटर, स्याल की गाटर व पत्थर की बोली लगाई जायेगी। पार्किंग की बोली दिनांक 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार दोपहर 2 बजे पार्किंग के स्थान पर तहसील के साइड में एवं SC (I) व SC (II) चौपाल की बोली दिनांक 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार सुबह 11 बजे दोनों चौपाल में लगाई जायेगी। पार्किंग के लिए जमा राशि 10000/-रूपये होगी एवं चौपाल के सामान के लिए जमा राशि 5000/- रूपये होगी। **नियम व शर्ते लागू**

| | | |
|---|---|---|
| **खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी, बावल** | **ग्राम सचिव,** | **सरपंच** |
| श्री शुभम | नन्दराम व एकता | श्री साहिल, गाम पंचायत हरचन्दपुर |
| | मो.09466353959 | खण्ड बावल, जिला रेवाड़ी। |
| | | मो.8930078446 |

